# जेएस पीजी कालेज में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

**अमरोहा(विधान केसरी)।** शहर के जेएस हिन्दू पीजी कालेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व प्रवेश समिति ने स्नातक स्तर के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेश के बाद आए नवीन छात्रों को अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराना था। साथ ही उन्हें कालेज की संस्कृति एवं संकाय सदस्यों के बारे में जानकारी प्राप्त कराना थ। इस दौरान यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के संदर्भ में बुनियादी व आवश्यक जानकारी भी मुहैया कराई गई, ताकि इन नवीन छात्रों को भविष्य में शिक्षा पद्धति तथा क्रेडिट संबंधी किन्हीं समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस दौरान प्रवेश समिति के सह-प्रभारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि एमजेपी रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा अनुमोदित दिशा-निदेशों के अनुरूप ही सभी छात्रों को प्रवेश दिया गया है। इस दौरान उन समस्त दिशा-निदेशों का गहनता से पालन किया गया है। प्रवेश समिति के प्रभारी डॉ. मन मोहन सिंह ने कहा कि महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जारी दिशा-निदेशों के अनुरूप ही समस्त छात्रों को मुख्य, गौण, व्यावसायिक तथा सह-पाठ्यक्रम विषयों को प्रदान किया गया है। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सह-प्रभारी डॉ. अनुराग कुमार पाण्डेय ने कहा कि कालेज में शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर गतिविधियां पूरे वर्ष आयोजित कराई जाती हैं, जो कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन करती हैं। गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी हिमांशु शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में विगत वर्ष 64 शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के आधा दर्जन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत किया तथा यह भी आश्वस्त किया कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में समस्त सुविधाएं व वातावरण उपलब्ध है। महाविद्यालय में पुस्तकालय, वाचनालय, रोवर्स-रेंजर्स, एनएसएस, एनसीसी, खेल-कूद, संगीत, प्रयोगशालाएं आदि सुविधाएं समुचित मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि हमारे महाविद्यालय में देश के सुप्रसिद्ध विश्वविद्यालयों, जैसे जेएनयू, डीयू, बीएचयू, एएमयू, लखनऊ विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मेरठ विश्वविद्यालय आदि से शिक्षा प्राप्त योग्य व कुशल शिक्षक उपलब्ध हैं, जिनका मार्गदर्शन आप सभी को अवश्य लाभान्वित करेगा। इस दौरान डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. राजन लाल, तीर्थराज सिंह, डॉ. मनीष टंडन, मयंक अरोड़ा, अमित भटनागर, सलमान खान आदि मौजूद रहे।



# छात्रों को नई शिक्षा नीति से कराया रूबरू

## जेएस कालेज में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का इंडक्शन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जेएस डिग्री कालेज में आन्तरित गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व नए प्रवेशित छात्र छात्राओं को नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा पद्धति व क्रेडिट संबंधी बारीकियों से अवगत कराया गया।

शुक्रवार को महाविद्यालय में स्नातक स्तर के नवप्रवेशित छात्रों हेतु स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेश के उपरांत आए नवीन छात्रों को अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा उन्हें महाविद्यालय की संस्कृति एवं संकाय सदस्यों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के संदर्भ में बुनियादी व आवश्यक जानकारी भी मुहैया कराई गई, ताकि इन नवीन छात्रों को भविष्य में शिक्षा पद्धति तथा क्रेडिट संबंधी किन्हीं समस्याओं का सामना न करना पड़े। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत किया तथा यह भी आश्वस्त किया कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में समस्त सुविधाएं व वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि उनके महाविद्यालय में देश के सुप्रसिद्ध विश्वविद्यालयों से शिक्षा प्राप्त योग्य व कुशल शिक्षक उपलब्ध हैं, जिनका मार्गदर्शन आप सभी को अवश्य लाभान्वित करेगा। इस दौरान डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. राजन लाल, तीर्थराज सिंह, डा. हिमांशु शर्मा, डॉ. मनीष टंडन, मयंक अरोड़ा, अमित भटनागर, सलमान खान आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



अमरोहा। जेएस डिग्री कालेज में इंडक्शन कार्यक्रम में संबोधित करते प्राचार्य डा० वीर विरेन्द्र सिंह

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

शाह टाइम्स

बरेली, शनिवार 27 जुलाई 2024 बरेली संस्करण: वर्ष 21 अंक 248 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

# छात्रों को नई शिक्षा नीति से कराया रूबरू

## जेएस कालेज में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का इंडक्शन कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** जेएस डिग्री कालेज में आन्तरित गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व नए प्रवेशित छात्र छात्राओं को नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा पद्धति व क्रेडिट संबंधी बारीकियों से अवगत कराया गया।

शुक्रवार को महाविद्यालय में स्नातक स्तर के नवप्रवेशित छात्रों हेतु स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेश के उपरांत आए नवीन छात्रों को अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराना तथा उन्हें महाविद्यालय की संस्कृति एवं संकाय सदस्यों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के संदर्भ में बुनियादी व आवश्यक जानकारी भी मुहैया कराई गई, ताकि इन नवीन छात्रों को भविष्य में शिक्षा पद्धति तथा क्रेडिट संबंधी किन्हीं समस्याओं का सामना न करना पड़े। प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत किया तथा यह भी आश्वस्त किया कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में समस्त सुविधाएं व वातावरण उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि उनके महाविद्यालय में देश के सुप्रसिद्ध विश्वविद्यालयों से शिक्षा प्राप्त योग्य व कुशल शिक्षक उपलब्ध हैं, जिनका मार्गदर्शन आप सभी को अवश्य लाभान्वित करेगा। इस दौरान डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. राजन लाल, तीर्थराज सिंह, डा. हिमांशु शर्मा, डॉ. मनीष टंडन, मयंक अरोड़ा, अमित भटनागर, सलमान खान आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



अमरोहा। जेएस डिग्री कालेज में इंडक्शन कार्यक्रम में संबोधित करते प्राचार्य डा० वीर विरेन्द्र सिंह

पुलिस, पंचायत राज विभाग, विभाग, विद्युत विभाग, बैंक दे से संबंधित समस्याओं को ।। अभिनव कौशिक ने नगर

पर जिलाधिकारी ... कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।
जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश देते हुए

एसपी कुंवर अनुपम ... बताया कि सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना गया है। जांच के

सिसोदिया, जि भाजपा के पद

# खपाल

## य ने दिया समर्थन



पाल। स्रोत : स्वयं

## ी रही हड़ताल

द्वारा गजरौला क्षेत्र में हुई साथी क्रोश जताते हुए शुक्रवार को क साथी लेखपाल को न्याय 20 जुलाई के शाम को तारेश राणा नंगलिया मेव में लेखपाल के साथ मारपीट की रोपी गिरफ्तार नहीं हुए। रहा है। इसे सहन नहीं किया , मांगेराम शर्मा, सतीश चंद्र, द चौहान, केशव सरन, केशव हे। संवाद

कारी परमजीत सिंह को सौंपा। दौरान शैलेंद्र शर्मा, राजेंद्र सैनी, न त्यागी आदि मौजूद रहे।

# जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में नए छात्रों का हुआ स्वागत

अमरोहा। जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता अश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) तथा प्रवेश समिति द्वारा स्नातक स्तर के नव प्रवेशित छात्रों के लिए स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेश के उपरांत आए नवीन छात्रों को अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराना था।

प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह ने नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत किया। प्रवेश समिति के सह-प्रभारी डॉ. गौरव सिंह ने बताया कि यहां राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के संदर्भ में बुनियादी व आवश्यक जानकारी भी मुहैया कराई गई, ताकि इन नवीन छात्रों को भविष्य में शिक्षा पद्धति तथा क्रेडिट संबंधी किन्हीं समस्याओं का सामना न करना पड़े। प्रवेश समिति के प्रभारी डॉ. मन मोहन सिंह ने कहा कि महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सह-प्रभारी डॉ. अनुराग कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर गतिविधियां पूरे वर्ष आयोजित कराई जाती हैं। इस दौरान डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. राजन लाल, तीर्थराज सिंह, आदि मौजूद रहे। संवाद

# राष्ट्रीय किसान मजदू का क्रमिक अनशन



अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देते राकिमसं के

गजरौला। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन का बिजलीघरों पर चल रहा क्रमिक अनशन 12वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा।

खाद गुर्जर बिजलीघर पर क्रमिक अनशन पर बैठे किसानों के बीच अधिशासी अभियंता नीरज कुमार पहुंचे। उन्होंने आंदोलन कर रहे किसानों से बिजली संबंधी समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने कहा कि बिजली विभाग किसानों के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने की घोषणा करने वाली सरकार ने ऐसी शर्त थोप दी हैं, जिनको पूरा कर दिया जाए तो कोई भी किसान मुफ्त योजना में शामिल नहीं हो सकता। संवाद

## नाजिम गुट के

गजरौला। चढ़ूनी गुट जिला का नाजिम सै मोर्चा का गया। सुमि सुल्तानपु को जिल गया। इस मेवाती ने किसानों तो संगठन आसिफ यादव, म प्रशांत त्या चौधरी, मु सैफी, बख

# क भूपेंद्र सिंह को मिला विद्या वाचस्पति सारस्व

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों का इंडक्शन प्रोग्राम में किया स्वागत

**खास बात**

**महाविद्यालय में समस्त सुविधाएं उपलब्ध : डॉ0 वीर वीरेंद्र सिंह**

**आर्यावर्त केसरी ब्यूरो**

**अमरोहा।** जेएस हिन्दू डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को आंतरिक गुणवत्ता अश्वासन प्रकोष्ठ तथा प्रवेश समिति द्वारा स्नातक स्तर के नवप्रवेशित छात्रों के लिए स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय में प्रवेश के उपरांत आए नवीन छात्रों को अकादमिक वातावरण उपलब्ध कराना था। साथ ही उन्हें महाविद्यालय की संस्कृति एवं संकाय सदस्यों के बारे में जानकारी प्रदान करना था। साथ ही यहाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के संदर्भ में बुनियादी व आवश्यक जानकारी भी मुहैया कराई गई, ताकि इन नवीन छात्रों को भविष्य में शिक्षा पद्धति तथा क्रेडिट संबंधी किन्हीं समस्याओं का सामना न करना पड़े।

इस दौरान प्रवेश समिति के सह-प्रभारी डॉ0 गौरव सिंह ने बताया कि महात्मा ज्योतिबा फुले रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली द्वारा अनुमोदित दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही सभी छात्रों को प्रवेश दिया गया है। इस दौरान उन समस्त दिशा-निर्देशों का गहनता से पालन किया गया है।

प्रवेश समिति के प्रभारी डॉ0 मन मोहन सिंह ने कहा कि महाविद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ही समस्त छात्रों को मुख्य, गौण, व्यावसायिक तथा सह-पाठ्यक्रम विषयों को प्रदान किया गया है।






आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सह-प्रभारी डॉ0 अनुराग कुमार पाण्डेय ने बताया कि महाविद्यालय में शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर गतिविधियां पूरे वर्ष आयोजित कराई जाती हैं, जो कि छात्रों के सर्वांगीण विकास में उल्लेखनीय भूमिका का निर्वहन करती हैं।

आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रभारी हिमांशु शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में विगत वर्ष 64 शैक्षणिक व शिक्षणेत्तर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के आधा दर्जन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए।

अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 वीर वींरेंद्र सिंह ने नवप्रवेशित छात्रों का स्वागत किया तथा यह भी आश्वस्त किया कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में समस्त सुविधाएं व वातावरण उपलब्ध है। महाविद्यालय में पुस्तकालय, वाचनालय, रोवर्स-रेंजर्स, एनएसएस, एनसीसी, खेल-कूद, संगीत, प्रयोगशालाएं आदि सुविधाएं समुचित मात्रा में उपलब्ध हैं। वे आगे बताते हैं कि हमारे महाविद्यालय में देश के सुप्रसिद्ध विश्वविद्यालयों, जैसे जेएनयू, डीयू, बीएचयू, एएमयू, लखनऊ विश्वविद्यालय, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, मेरठ विश्वविद्यालय आदि से शिक्षा प्राप्त योग्य व कुशल शिक्षक उपलब्ध हैं, जिनका मार्गदर्शन आप सभी को अवश्य लाभान्वित करेगा।

इस दौरान डॉ0 अरविंद कुमार, डॉ0 राजन लाल, तीर्थराज सिंह, डॉ0 मनीष टंडन, मयंक अरोड़ा, अमित भटनागर, सलमान खान आदि शिक्षक मौजूद रहे।




एचएसएस पब्लिक स्कूल में फलों के कलर की ड्रेस में सजे बच्चे। ● हिन्दुस्तान

## फलों व रंग की वेशभूषा में सजकर स्कूल पहुंचे बच्चे

हसनपुर। यलो कलर डे पर नगर के एचएसएस पब्लिक स्कूल के छात्र–छात्रा फलों के रंग की वेशभूषा में सज–धजकर आए। बाल वाटिका में फ्रूट एवं पॉपकार्न पार्टी आयोजित की गई। छात्र–छात्राओं ने फलों से संबंधित कविता प्रस्तुत कर डांस भी किया। इस दौरान प्रबंधक राजीव अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, निरुपमा चौधरी आदि मौजूद रहे।



जेएस हिंदू पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक ● हिन्दुस्तान

## जेएस हिन्दू पीजी कॉलेज में प्रोग्राम आयोजित

अमरोहा। जेएस हिन्दू पीजी कालेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ व प्रवेश समिति के संयोजन में स्नातक स्तर के नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम हुआ। इस दौरान प्रवेश समिति के सह प्रभारी डा.गौरव सिंह,डा. मनमोहन सिंह, डा. अनुराग कुमार पांडे, हिमांशु शर्मा, प्राचार्य प्रो. वीर वीरेंद्र सिंह,डा.अरविंद कुमार, डा.राजन लाल आदि शिक्षक मौजूद रहे।

## कथा में शिव विवाह का वर्णन सुनाया

मंडी धनौरा। शहर के मोहल्ला गढ़ी स्थित श्रीराम मंदिर परिसर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को कथा व्यास पंडित अवनी शास्त्री ने भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की कथा का वर्णन सुनाया। इस दौरान उमेश चंद्र गर्ग, संजीव अग्रवाल, [illegible]